www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-192 सागवाड़ा, रविवार,20 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## राहत की खबर – ज़ील अस्पताल 5 हजार से अधिक सर्जरी, ट्रोमा के 1500 से अधिक मरीजों को जीवनदान

### ज़ील अस्पताल सागवाड़ा में सड़क दुर्घटना में घायलों को मिल रहा समय पर ईलाज, चिरंजीवी और आरजीएसएच में हो रहा कैशलेस उपचार

**सागवाड़ा।** सड़क दुर्घटना में गंभीर घायलों का उपचार अब सागवाड़ा के ज़ील अस्पताल में ही हो रहा है। ज़ील अस्पताल की सुविधाओं को देखते हुए बांसवाड़ा जीले से भी एक्सीडेंट के केस अब सागवाड़ा के ज़ील अस्पताल में ही रेफर किये जा रहे है। इसका कारण यह है कि समय पर बेहतर ईलाज मिलना। ज़ील अस्पताल के न्यूरो सर्जन डा. संजय बेंदाले बताते है कि वागड़ में सड़क दुर्घटनाएं आम है। आए दिन कोई न कोई

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL
Advanced health-care, close to home

सड़क हादसे में घायल हो जाता है। सड़क दुर्घटनाओं में ज्यादातर घायल सिर में चोंटे लगने से होते है। सिर में चोंट लगने और खुन निकलना कई बार गंभीर समस्या पैदा कर करता है। समय पर उपचार नही मिलने पर ब्रेन स्टोक का खतरा बढ़ जाता है। न्यूरो सर्जन डा. संजय बेंदाले बताते है कि कई बार ऐसे केस भी आए है जिनके सिर में भी चोंट है और हाथ पैर की हड्डी भी टूट गई है। ऐसे पेशेंट को ज़ील अस्पताल के ट्रोमा केयरउपचार मिल जाता है। समय पर घायल की सर्जरी होने से उसे बचा लिया गया है। पहले घायल को रेफर किया जाता था वहीं अब ज़ील अस्पताल में ही इसका समय पर उपचार हो रहा है। ज़ील अस्पताल के विशेषज्ञ सर्जन ज़ील अस्पताल में अब तक 5 हजार से अधिक सर्जरी कर चुके है। अकस्मात और ट्रोमा के 1500 से अधिक मरीजों को जीवनदान यहां के डाक्टरों ने दिया है। डा. बेंदाले बताते है कि न्यूरो उपचार सीधे तौर पर मस्तिष्क से संबंधित होता है। जिसके संकेतों को समझकर शरीर के अन्य अंग कार्य करते हैं। जटिल समझी जाने वाली न्यूरो सर्जरी ज़ील अस्पताल में की जा रही है। दुर्घटनाओं में घायल लोगों के उपचार में न्यूरो सर्जरी व उपचार की अहम भूमिका होती है। कंप्यूटर गाइडेड इंट्रा आपरेटिव टेक्नोलाजी, सर्जिकल माइक्रोस्कोप्स, लेजर, 3-डी, फ्लूरोस्कोपी इमेजिंग, एंडोस्कोप्स जैसे अत्याधुनिक यंत्रों के प्रयोग से जटिल से जटिल न्यूरो सर्जरी की जा रही है।

## दलित चिंतन समागम, कार्यक्रम में उठी टीएसपी क्षेत्र के एससी समाज को 16 फीसदी आरक्षण की मांग

**डूंगरपुर।** जिले में मेघवाल समाज की ओर से मेघवाल छात्रावास में संभाग स्तरीय दलित चिन्तन समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश आपदा मंत्री गोविन्दराम मेघवाल, एससी वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष डॉ शंकर यादव, एआईसीसी एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया सहित कई दलित नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में राजस्थान के टीएसपी क्षेत्र में एससी समाज को संविधान के अनुरूप 5 की जगह 16 फीसदी आरक्षण दिए जाने की मांग उठी। प्रदेश के आपदा मंत्री गोविन्दराम मेघवाल आज डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान मंत्री मेघवाल ने डूंगरपुर मेघवाल समाज की ओर से जिला मुख्यालय पर आयोजित संभाग स्तरीय दलित चिन्तन समागम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। वही इसके अलावा एससी वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष डॉ शंकर यादव,एआईसीसी एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, गुजरात के दलित विधायक जिग्नेश मेवानी सहित कई दलित नेताओं व कांग्रेसी नेताओं ने भाग लिया। दलित समागम में ह्यष वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष शंकर यादव का समाज की और से अभिनंदन किया गया। इधर समागम में मेघवाल समाज 65



परगना के संरक्षक जगदीश यादव वही समाज की और से मांग करते हुआ कहा की 22 सालो से tsp में उनके 16 फीसदी आरक्षण को घटा कर 5 फीसदी कर दिया गया है जिसे बहाल किया जाए। वही टीएसपी क्षेत्र में प्रशासनिक सेवाओं में दो फीसदी आरक्षण व राजनीतिक आरक्षण की भी मांग रखी गई। समागम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के आपदा राहत व सहायता विभाग के मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने कहा कि उपयोजना क्षेत्र का दलित समाज आज भी विकास की मुख्यधारा से दूर है और समाज की पैरवी सरकार से की जाएगी। इधर, एआईसीसी मे SC विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लीलोठिया ने कहा की किसी अमीर कार्यकर्ता को प्रदेश सरकार के SC वित्त विकास आयोग का अध्यक्ष बनाया होता तो उसे इसकी कद्र नहीं होती लेकिन 40 साल तक पार्टी की जाजम बिछाने वाले जमीनी और गरीब कार्यकर्ता को उस पद की कद्र जरूर होती है। इधर डॉक्टर शंकर यादव ने भी कहा की 36 कोमो को साथ लेकर चलने की जिमेदारी मेरी हे और इसमें कही चूक नही होगी। समागम में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, एआईसीसी के सीडब्ल्यूसी मेंबर रघुवीर मीणा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा सहित दलित समाज के प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

### मंत्री गोविन्दराम मेघवाल मीडिया से हुए रूबरू

इधर समागम से पूर्व मीडिया से रूबरू होते हुए मंत्री मेघवाल ने अनावृष्टि से हुए खराबे का मुआवजा मिलने में देरी के सवाल पर कहा मुआवजा दिलाना प्रक्रिया में है और जल्द ही पीड़ित किसानों के खातों में रकम ट्रांसफर कर दी जाएगी। इधर, साल 2013 में हुई उत्तराखंड त्रासदी के पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी दिलाए जाने के सवाल पर मंत्री ने कहा की यह मामला मेरी जानकारी में नही है और यदि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है तो इसे पूरा भी करेंगे।

## सीवरेज, वाटर सप्लाई, तालाब सौंदर्यीकरण और फोरलेन सड़क को मिली मंजूरी

### आरयूआईडीपी और एशियन डवलपमेंट बैंक के अधिकारियों के साथ हुई बैठक

**सागवाड़ा।** शहर के तालाबों की दशा अब जल्द ही सुधरने वाली है। नगर पालिका सागवाड़ा में 110 करोड़ के प्रोजेक्ट के कार्यों को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत शहर में सड़क से लेकर सीवरेज का काम होना है। पिछले दिनों जयपुर में आरयूआईडीपी और एशियन डवलपमेंट बैंक के अधिकारियों के साथ नगर पालिका सागवाड़ा के अधिकारियों की बैठक हुई है। नगर पालिका सागवाड़ा की ओर से ईओ मुकेश कुमार मोहिल और जेईएन लोकश पाटीदार मौजूद रहे। सागवाड़ा शहर के विकास कार्यों का खाका तैयार कर रहे आर्किटेक्ट केयूर शाह आरयूआईडीपी के परियोजना निदेशक आईएएस कुमार पाल गौतम, चीफ इंजीनियर अरुण व्यास, अतिरिक्त परियोजना निदेशक हेमंत कुमार शर्मा और एशियन डवलपमेंट बैंक की अधिकारी की मौजूदगी में सीवरेज, वाटर सप्लाई, तालाबों के सौंदर्यीकरण और सड़कों को लेकर बनाए गए प्लान को रखा गया। जिसे मंजूरी मिल गई है। जिसमें गलियाकोट मोड से करीब डेढ़ किमी. तक की फोरलेन सड़क के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया गया है। किसी भी कार्य की घोषणा के बाद उनकी मंजूरी का एक प्रोसेस होता है।

विकास कार्यों को मंजूरी मिलने में समय लगता है। आरयूआईडीपी के तहत होने वाले कार्यों प्लानिंग से किये जाते है। सीवरेज, वाटर सप्लाई, तालाबों के सौंदर्यीकरण और सड़क के काम को मंजूरी मिल गई है। इस साल में ये सभी काम शुरू हो जाएंगे।

**– नरेंद्र खोडनिया, पालिकाध्यक्ष सागवाड़ा**


हाल ही में जयपुर में आरयूआईडीपी और एशियन डवलपमेंट बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक हुई थी। जिसमें सागवाड़ा के साथ ही तीन ओर शहर नाथद्वारा, नवलगढ़ और सोजत के भी अधिकारी आए हुए थे। हमारे शहर के कार्यों को मंजूरी मिर गई है।

**– मुकेश कुमार मोहिल, ईओ, नगर पालिका सागवाड़ा**

इस प्रोजेक्ट के तहत पुनर्वास कालोनी और जेठाना मार्ग पर दो सामुदायिक भवन बनाए जाने है। कालोनी स्कूल के खेल मैदान का भी काम होना है। ये ग्रीन बिल्डिंग बनेगी। इसके प्रस्ताव तैयार कर दिये गए है। अगली बैठक में इसे भी मंजूरी मिल जाएगी।

**– लोकेश पाटीदार, जेईएन, नगर पालिका सागवाड़ा**

## कमलकिशोर व्यास महाराष्ट्र राज्य में (भाजपा) राज.प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चुने गए



**सागवाडा।** उपखंड सागवाडा के पादरड़ी बड़ी निवासी कमलकिशोर व्यास को महाराष्ट्र राज्य भारतीय जनता पार्टी(राज .प्रकोष्ठ) प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया। ग्रामीणों की ओर से स्वागात किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की ओर से सरपंच लीला देवी, कविता व्यास,पूर्व सरपंच राजेन्द्र परमार, नरेंद्र व्यास,कान्ति प्रजापत, अरविंद जोशी, देवीलाल सुथार,महेंद्र व्यास ,नयन रावल डॉ.कुलदीप आदि मौजद रहे गौरतलब है इससे पूर्व कमलकिशोर व्यास पूर्व में डूंगरपुर में जिला उपाध्यक्ष, उत्तरमडल अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं भाजपा से दे चुके ,एव राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े सभी मुम्बई के समस्त पदाधिकारियों का आभार जताया।

## खड़गदा क्षेत्रपाल मंदिर में 15-16 अप्रैल को भरेगा मेला

### 1001 कलश की निकलेगी शोभायात्रा, तैयारियों में जुटी कमेटी

**सागवाड़ा।** हनुमान जयंती इस बार 16 अप्रैल को है और इस दिन शनिवार होने से महत्व बढ़ गया है। हनुमान जयंती पर खड़गदा के क्षेत्रपालजी मंदिर में 15 और 16 अप्रैल को मेला भरेगा। 1001 कलश की शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को लेकर मोरन नदी के किनारे पर क्षेत्रपाल ट्रस्ट तैयारियों में जुट गया है।

दो साल तक कोरोना के बाद इस बार फिर क्षेत्रपालजी मंदिर में हनुमान जयंती पर मेला भरेगा। 55 साल से यंहा परंपरागत मेला भरता है। क्षेत्रपालजी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित ने बताया की 15 अप्रैल को हनुमान जयंती मेले की शुरुआत होगी। 16 अप्रैल की मुख्य मेले के दिन लोगों की भीड़ जुटेगी। दो दिनों के आयोजन को लेकर समितियों का गठन किया गया। मंत्री दीपक दवे ने बताया कि मेला संयोजक अनिल पुरोहित, सहसंयोजक निखिलेश मेहता व जवाहर श्रीमाली को बनाया गया। यहां वर्ष 1967 से हर साल मेले का आयोजन होता रहा है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शशिकांत पुरोहित ने बताया की 15 अप्रेल को सुबह 9 बजे क्षीरेश्वर अखाड़ा



के महंत मेले का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले लक्ष्मीनारायण मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो क्षेत्रपालजी मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद हनुमान चालीसा के 108 पाठ और विश्व शांति कामना के लिए हवन होगा। 16 अप्रेल को हनुमानजी जयंती पर मुख्य मेला भरेगा। भगवान क्षेत्रपालजी का फूलों से श्रृंगार होगा। सुबह से दर्शनों के लिए भक्तो की भीड़ लगेगी। शाम के समय मंदिर से 1001 कलशों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। महिलाएं माथे पर कलश पकड़ेगी। वहीं भक्त मंडलियों की ओर से भजन-कीर्तन किए जाएंगे। मेला आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की जाएगी। मेले को लेकर सभी को जिम्मेदारियां दे दी गई है।

## माव भक्तों का होली मिलन समारोह संपन्न



**साबला।** वागड़ प्रयाग प्रयाग बेणेश्वर धाम पर रविवार को माव भक्तों का होली स्नेह मिलन व मंदिर प्रतिष्ठा का कार्यक्रम ब्रह्मा मंदिर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बेणेश्वर पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज व जल संसाधन मंत्री राजस्थान के महेन्द्रजीत सिंह मालवीया द्वारा मावजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वही मंगलाचरण कीर्तिश भट्ट द्वारा हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेणेश्वर पीठाधीश्वर महंत अच्युतानंद महाराज ने की ।विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख रश्मी मालवीया, क्षेत्रिय विधायक गोपीचंद मीणा, हरि मंदिर बेणेश्वर से जुडे सभी संत तथा सभी समाजो के अध्यक्ष रहे ।कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत उद्बोधन पूर्व विधायक रमेश पंड्या द्वारा किया गया वही कार्यक्रम का परिचय प्रतिवेदन विष्णुपद के द्वारा प्रस्तुत किया गया उसी क्रम मे मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व शिखर प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की तारिखो की घोषणा प्रतिष्ठा चार्य पंडित निंकुज मोहन पंड्या ने की। जो 28 नवबंर से 2 दिसंबर 2022 तक 5 दिवसीय कार्यक्रम होगा ।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक गोपीचंद मीणा, गुजरात से किशोर बसिया, डॉक्टर दिनेश भट्ट, नारायण पटेल, ललित कमाल, भूपेंद्र भट्ट, चंपालाल जोशी, विनोद जोशी व नानुराम पटेल ने अपने अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर बालू भाई त्रिवेदी, बलवंत सिंह शिवालय ट्रस्ट अध्यक्ष, हरीश पटेल, चिमन लाल पटेल, गोविंद सिंह राव, राजेश टेलर, तुलसीराम जोशी, चंद्रकांत फफोत आदि आदि मौजूद रहे।

## पुलिस की स्पेशल टीम ने पकड़ा बियर से भरा मिनी ट्रक

### 6 लाख कीमत के 300 कार्टन बियर की जब्त, चालक को किया गिरफ्तार

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की स्पेशल टीम ने आज अलसुबह निठाउवा थाना क्षेत्र के रिछा गाँव के पास बियर से भरे एक मिनी ट्रक को जब्त किया है। वही पुलिस की स्पेशल टीम ने 300 कार्टन बियर बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। जब्त बियर की कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है। निठाउवा पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) के प्रभारी व सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की जिलेभर में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने निर्देश पर अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिये आज अलसुबह निठाउवा थाना क्षेत्र में शराब तस्करी की सुचना मिली थी। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस की स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, महावीर, मुकेश, राजगोपाल, अभिषेक की टीम ने धरियावाद – साबला रोड पर रिछा के पास पहुंचकर नाकाबंदी शुरू कर दी। इस दौरान मुखबिर के बताए अनुसार एक मिनी ट्रक आते हुए नजर आया। पुलिस की स्पेशल टीम ने मिनी ट्रक को रुकवाकर पूछताछ की तो ड्राइवर दुर्गाशंकर पुत्र मीठालाल रावत निवासी केवलपुरा जिला चित्तौड़गढ़ घबरा गया।

## 203 रक्तवीरों ने किया रक्तदान




**साबला।** रक्तदान महाअभियान का असर इन दिनों गांवों में सर्वाधिक देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया के इस दौर में युवाओं ने रक्तदान को हर घर तक ले जाने का संकल्प लिया है। दो वर्ष पूर्व असामयिक रूप से जुगल हरसोत का निधन हो गया था। स्व. जुगल सामाजिक कार्यो में अग्रणी थे एवं स्वयं रक्तदान कर लोगों को सदैव प्रेरित करते थे। आज उनकी ही पुण्यस्मृति में सपना फाउंडेशन व पिंडावल युवा मंडल के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 203 से ज्यादा रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया। जिसमें 86 यूनिट आयुर्विज्ञान मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक डूंगरपुर, 75 यूनिट महात्मा गांधी हॉस्पिटल बाँसवाड़ा, 42 यूनिट सागवाड़ा हॉस्पिटल द्वारा एकत्रित किया गया। हरिदेव नारीशक्ति में वर्षा त्रिवेदी, कामिनी उपाध्याय, शिवि उपाध्याय, वर्षा उपाध्याय, मनीषा भट्ट, नीलम उपाध्याय द्वारा रक्तदान किया गया। बहुत सी महिला रक्तदाता ऐसी भी रही जो स्वयं रक्तदान को लेकर काफ़ी उत्साहित थी मगर हीमोग्लोबिन कम होने की वजह से रक्तदान नही कर पाए। शिविर के मुख्य आकर्षण के रूप में लोहारिया थानाधिकारी पूरणमल मीणा द्वारा युवाओ को प्रेरणा देते हुए रक्तदान किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगेड के डॉक्टर साहब नागेंद्र सिंह द्वारा, सागवाडा सहप्रभारी धनेश्वर पाटीदार द्वारा 10वी बार, प्रकाश चंद्र उपाध्याय द्वारा 15 वी बार, नीलेश हरसोत द्वारा 7वी बार,उमेश हरसोत द्वार 5 वी बार, हेमन्त जोशी द्वारा 5वी बार ब्लड, कपिल उपाध्याय 7वी बार,सुरेश पाटीदार ने 19वी बार डोनेशन किया गया,।

**वागड़ में सक्रिय रक्तयोद्धा रहे अतिथि के रूप में उपस्थित–** रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल सर्राफ, रेडड्रॉप इंटरनेशनल से नीलेश सेठ राजा जेरॉक्स, विशिष्ट अतिथि योगेश उपाध्याय, डॉ मानवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सेवक, डॉ समीर खान, नरेंद्र बघेल, डॉ इकबाल शेख, डॉ सुनील कुमार को मनोनीत किया गया। ब्लड बैंक की ओर से अरुण भोई, कैलाश त्रिवेदी, मोहन त्रिवेदी, कौशल शर्मा, गौरव पंचाल, वैभव गर्ग विनय पाटीदार, अंजली पाटीदार का सहयोग रहा ।सपना फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष मुकेश यादव, फाउंडर विश्वम्भर मेघवाल सुखवाड़ा, महासचिव चार्मी भट्ट, जीवप्रेमी संस्थान फाउंडर प्रेम सेवक, सुनील शिवपुरा, रोहित गणावा डूंगरपुर प्रभारी पीयूष हरसोत, सागवाड़ा प्रभारी राहुल सेवक, पंकज पाटीदार, भावेश पण्ड्या , धनेश्वर पाटीदार , रमेश गामड़ी, अश्विन मोटागाव उपस्थित रहे।

**इनका रहा विशेष सहयोग–** वही पिंडावल युवा मंडल की ओर से निरन्तर शिविर को लेकर सक्रिय रहे उमेश हरसोत, पीयूष हरसोत, दिनेश उपाध्याय, रमेश हरसोत, गगन उपाध्याय, सुरेश पाटीदार, राहुल कानोत, विशाल कानोत, इत्यादि गाँव के युवाओ द्वारा शिविर में पूर्ण सहयोग किया गया।